




## खबर संक्षेप



### रेलवे पटरी पर मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश

**रायगढ़।** रेलवे पटरी पर एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली है। 09 जनवरी को थाना प्रभारी कोतवाली टीआई सुखनंदन पटेल को जेएसपीएल ब्लॉक और रायगढ़ रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे पटरी पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव कटे हुए हालत में मिलने की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को अस्पताल भेजा गया। प्रारंभिक जांच में मृतक की उम्र करीब 50 वर्ष के आसपास है। मृतक के शरीर पर गुलाबी और पीले रंग का कंबल था तथा पैरों में काले रंग की रबर चप्पल पहने हुए है। शव की पहचान नहीं हो पाने के कारण उसे मरच्युरी में रखा गया है। वहीं शव की स्थिति को देखते हुए सुसाइड़ की आशंका व्यक्त की जा रही है। हालांकि पहचान की जानकारी के लिए कोतवाली पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेट फार्मो में शव को वायरल किया गया है।

### रेलवे लाइनों के आसपास पतंगबाजी से जान का खतरा



**रायगढ़।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत शत.प्रतिशत रेल परिचालन 25 हजार हाई वोल्टेज विद्युत ओवरहेड तारों के माध्यम से किया जाता है। इन विद्युत तारों में 24 घंटे निरंतर विद्युत प्रवाह बना रहता है जिससे किसी भी प्रकार की असावधानी जानलेवा साबित हो सकती है। रेलवे प्रशासन आमजन को सचेत किया है कि यदि पतंग का मांझा विशेषकर गीला, धातुयुक्त अथवा सिंथेटिक मांझा इन हाई वोल्टेज विद्युत तारों में उलझ जाता है, तो विद्युत करंट सीधे पतंग उड़ाने वाले व्यक्ति तक पहुंच सकता है, जिससे गंभीर दुर्घटना या जनहानि की आशंका रहती है। मंडल रेल प्रशासन विशेष रूप से मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर सभी नागरिकों से अपील करता है कि रेलवे लाइनों, स्टेशन परिसरों एवं ओवरहेड विद्युत तारों के आसपास पतंगबाजी से पूर्णतः परहेज करें। यह न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि इससे रेल परिचालन में संभावित बाधाए ट्रेनों के विलंब एवं यात्री सेवाओं में व्यवधान को भी रोका जा सकता है।

### बीते जुलाई में ही रिंग रोड के लिए एसडीएम ने लगाई है 8 गांव की जमीन खरीदी-बिक्री पर रोक

# जहां लगी है रोक, उस जमीन का बिक्री नकल के लिए अधिकारी बना रहे पटवारियों पर दबाव

### पटवारियों ने शिकायत की तो हुआ खुलासा, संघ ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पटवारियों द्वारा की गई एक शिकायत ने रायगढ़ की प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है। तहसील पटवारी संघ ने जो शिकायत की है वह प्रशासन के लिए सिर दर्दी से कम नहीं है।

संघ ने जिस जमीन पर खरीदी- बिक्री के लिए प्रतिबंध लगाई गई है उस जमीन की बिक्री नकल देने अधिकारियों द्वारा दबाव बनान की बात कही है। बीते जुलाई में एसडीएम ने रिंग रोड के लिए 8 गांवों के जमीनों की खरीदी बिक्री पर रोक लगा दी है।

बीते 7 जनवरी को राजस्व पटवारी संघ ने कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा था। इस ज्ञापन में जों बातें लिखी गई है वह काफी चिंता जनक है। इसमें सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण बात तो यह है कि धान खरीदी कम करने के लिए किसानों से रकबा समर्पण कराने अधिकारियों द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। वह कौन अधिकारी है जो पटवारियों को किसानों से रकबा समर्पण के लिए दबाव बनाने कह रहा है। इसी सवाल को लेकर अब आरोप प्रत्यारोप का दौर भी चालू हो गया है। पटवारी संघ के अनुसार किसानों के खेतों में हुए धान की खरीदी हो चाहे न हो, लेकिन उनका रकबा समर्पण कराना जरी है। ऐसे हालात में किसान धान बिक्री कर पाएंगे या नहीं यह गंभीर सवाल खड़ा हो गया है।





#### सड़क दुर्घटना की राहत राशि भी देते हैं पटवारी

यह भी विडंबना है कि सड़क दुर्घटनाओं का तत्कालीक राहत राशि भी पटवारियों को भी देना पड़ता है। संघ ने अपनी शिकायत में कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में आरबीसी के तहत तत्कालीक सहायता राशि 25 हजार स्वयं के व्यय से पीड़ितों को दिया जाता है। बीते 8 महीने से जो भुगतान किया गया है वह राशि अब तक पटवारियों को नहीं मिली है।

#### व्हीआईपी ड्यूटी में पटवारी करते हैं खर्च

कलेक्टर को जो ज्ञापन पटवारी संघ ने सौंपा है उसमें एक पाइंट है जो किसी भी प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर सकता है। संघ ने कहा कि प्रोटोकाल के दौरान वीवीआईपी, वीआईपी और अधिकारियों के आगमन पर जिस पटवारी की ड्यूटी रहती है उसको सर्किट हाउस, रेस्ट हाउस और अन्य खर्चों का वहन करना पड़ता है। इसके लिए अलग से फंड की व्यवस्था करने की मांग की गई है। याने पटवारी की ड्यूटी इसलिए लगाई जाती है ताकि वहां जो खर्च हो उसका वहन करे।

## महिला के पूर्व प्रेमी ने बेटी पर बुरी नीयत से डाला हाथ, हिरासत में आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक नाबालिग लड़की को उसकी मां के पूर्व प्रेमी ने छेड़छाड़, पीछा और जान से मारने की धमकी दी है। आरोपी ने न सिर्फ पीड़िता को बुरी नीयत से छुआ बल्कि पूरे परिवार को फंसाने और गाली-गलौज कर धमकियां भी दीं। पुलिस ने मामले में तुरंत अपराध दर्ज करआरोपी को हिरासत में लिया है। पीड़िता जो मूल रूप से जांजगीर-चांपा की निवासी है और रायगढ़ में परिवार के साथ रहती है। उसने महिला थाने में दर्ज शिकायत में बताया कि आरोपी बजरंग चौहान निवासी आईटीआई कॉलोनी उसकी मां के साथ करीब सात साल से प्रेम संबंध में था। दो साल पहले संबंध टूटने के बाद बजरंग बाहर चला गया था, लेकिन 15 दिन पहले लौटकर फिर से मिलने का दबाव बनाने लगा। मां के इनकार पर उसने परिवार को टारगेट करना शुरू कर दिया। शिकायत के अनुसार आरोपी पिछले कुछ दिनों से पीड़िता के भाई, बुआ और चचेरी बहन को गंदी गालियां देकर धमका रहा था। उसने कहा अगर पीड़ति की मां उसे अगर नहीं मिली तो सबको जान से मार देगा। मामला और संगीन तब हुआ जब 8 जनवरी की रात करीब 7:30 बजे पीड़िता स्कूटी से मां को हॉस्पिटल से लेने जा रही थी। सिटी कॉलेज बेलादुला के पास मुस्लिम कब्रिस्तान वाली सुनसान सड़क पर बजरंग ने उसका पीछा किया। स्कूटी रोककर उसने बुरी नीयत से उसके स्वेटर को खींचकर उतारने की कोशिश की। पीड़िता के विरोध पर आरोपी ने उसके दाहिने हाथ को पकड़कर जबरन अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाने की कोशिश की साथ ही गालियां और हत्या की धमकी दी। डर से थरथराती पीड़िता किसी तरह भागकर कमला नेहरू पार्क पहुंची और मां को फोन किया। मौके पर पहुंची उसकी मां, बहन, बुआ और चचेरी बहन को भी आरोपी ने पीछा करते हुए गालियां दीं।

## भारी वाहनों की दो किमी लंबी कतार के बीच साइकिल से गुजरती हैं स्कूली छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पांच से सात स्कूल और कॉलेज, 50 गांव के करीबन 30 हजार लोगों की आवाजाही, हर दिन दो से तीन किमी तक लगने वाली भारी और ओवर लोड वाहनों की लंबी कतार के बीच जब लोग, साइकिल में स्कूली बच्चे गुजरते हैं तो उनकी मानों आधी सांसें थमी रहती है। कारण इतनी भारी और ओवर लोड वाहन की कतार में केवल एक से दो फीट का ही फासला रहता है जिसमें इन लोगों को निकलना पड़ता है। थोड़ी सी भी ध्यान इधर-उधर हुआ तो गाड़ी में टकराने की 100 फीसदी चांस रहता है।

इसके कारण स्कूली बच्चों के पालकों की हर संमय अपने बच्चों की फिक्र लगी रहती है। यह नजारा हर कोई पहाड़ मंदिर कौहाकुण्डा से चिटकाकानी ओवर ब्रिज के नीचे तक लगी वाहनों को देखता है। इसमें नेताओं से लेकर बड़े अधिकारी भी होते हैं, लेकिन किसी की हिम्मत नहीं होती है कि इस तरह बेतरतीब वाहनों को खड़ी कैसे और क्यों की गई है। बस हालात के आगे हर कोई अपनी पीड़ा मन में रखकर आगे निकल जाता है। खास बात यह है कि इस समस्या को लेकर पूर्वांचल के करीब 50 गांव के सरपंचों ने लिखित में तत्कालीन एसडीएम प्रवीण तिवारी को दिया था, लेकिन उन्होंनें कभी इस ओर संज्ञान ही नहीं लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने भी हालातों से समझौता कर लिया। रायगढ़- लोईंग महापल्ली रोड में हर दिन दो से तीन किमी भारी और ओवर लोड वाहनों की लाइन लगी रहती है। इस रोड़ में पांस से सात स्कूल संचालित हैं जहां के बच्चे दूर-दूर से साइकिल से सफर कर आते हैं। स्कूल समय रहे या न रहे इन वाहनों की रेलमपेल तो जारी ही रहती है। स्कूली बच्चे अपनी जान सांसत में डालकर यहां से गुजरते हैं। खाने की छुट्टी के समय हो या लघु शंका अवकाश, वाहनों की गति कम नहीं होती है।



**पांच से सात सौ वाहनों की हर दिन होती है रायगढ़-लोईंग महापल्ली रोड में आवाजाही**

#### महापल्ली का बाजार रहता है बुधवार को

इस रोड का सबसे बड़ा गांव है महापल्ली। यहां हर बुधवार को साप्ताहिक बाजार लगती है। यहां करीब 30-40 गांव के लोग पहुंचते हैं। इस दौरान भी वाहनों की आवाजाही बंद नहीं होती है। ग्रामीणों में आक्रोश भरा हुआ है, लेकिन उनको भी पता है यह भारी वाहनें किसी नेता या फिर बड़े लोगों का है। शिकायत का भी कोई मतलब निकलने वाला नहीं है। इसके कारण मन मारकर अपनी ही दुर्दशा पर आंसू बहाते रहते हैं।

#### तीन घंटे जाम थी सड़क

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात करीब साढ़े सात बजे से रात 10बजे तक पहाड़ मंदिर से लेकर मनकामेश्वर मंदिर तक सड़क पूरी तरह से जाम हो गई थी। वहज यहां बड़ी-बड़ी वाहनें एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ में एक दूसरे के आगे-पीछे गाड़ी लगा दिया था। इससे दोनों ओर की सड़कें जाम हो गई थी। लोगों को इधर जाते बन रहा था न ही उधर से इधर आते बन रहा था। जाम में फंसे कुछ लोगों ने इसका वीडियो भी बनाया था।

#### 23 बसों की हुई जांच

परिवहन विभाग द्वारा विभिन्न मार्गों पर संचालित बसों की जांच की गई।जांच के दौरान कुल 23 बसों में परमिट, फिटनेस प्रमाणपत्र, चालक लाइसेंस, अग्निशमन यंत्र, प्राथमिक उपचार पेटी की स्थिति की जांच की गई। इसके साथ ही निर्धारित बैठक क्षमता से अधिक यात्रियों के परिवहन जैसे गंभीर उल्लंघन भी पाए गए। नियमों के उल्लंघन पर परिवहन विभाग द्वारा संबंधित वाहन संचालकों के विरुद्ध 16 हजार 900 की चालानी कार्रवाई की गई।

## नाबालिग को घर से भगा कर किया दुष्कर्म, कोर्ट ने आरोपी को भेजा 10 सालों के लिए जेल

**रायगढ़।** नाबालिग युवती को घर से भगाकर दुषकर्म करनें के मामलें में रायगढ़ जिला न्यायालय के द्वारा आरोपी को 10 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। मामला जूटमिल थाने से संबंधित है, जहां युवती के पिता नें शिकायत करते हुए बताया था कि उनकी नाबालिक बेटी को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा 8 जून 2024 को रात में बहला फुसलाकर भगा ले गया है। रिपोर्ट दर्ज कराते समय पीडित ने मोहल्ले के ही चुन्नु बरेठ नामक युवक पर संदेह जताया था। पीडित की शिकायत पर पुलिस न छानबीन शुरू की, साइबर सेल की मदद से पता लगाने पर युवक और युवती के फोन का लोकेशन हैदराबाद में दिखा रहा था, जिसके बाद जूटमिल पुलिस ने हैदराबाद पुलिस की मदद से दोनों को वहां से पकड़ कर रायगढ़ लाया, और युवक पर अपराध दर्ज करते हुए जेल भेजा गया ।





#### शादी का वादा कर दुष्कर्म

पीडिता ने बताया कि आरोपी चुन्नु बरेठ के द्वारा रात में 12 बजे के आसपास मोटर साइकिल से उसे भगा कर ले गया और ट्रेन के जरिए दोनों हैदराबाद पहुंचे। युवती ने बताया कि आरोपी के द्वारा उसे शादी का वादा किया गया और कई बार दुष्कर्म किया गया। युवती के बयानों और सभी साक्ष्यों को देखते हुए जिला न्यायालय के द्वारा आरोपी को धारा 363 और 376 के तहत 10 वर्षों की सजा सुनाई गई।





## नाबालिग ने कहा सॉरी मम्मी-पापा और इंद्रावती में कूदने की आशंका

रायगढ़। जगदलपुर में इंद्रावती नदी के पुल से रायगढ़ का एक 17 साल का नाबालिग कूद गया, जिसकी तलाश लगातार जारी है। फिलहाल अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुल पर स्कूटी मिली है, जिससे नदी में ही कूदने की संभावना है। मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ निवासी 17 वर्षीय बालक सप्ताह भर पूर्व जगदलपुर अपने नाना-नानी के यहां गया था। उसने एक वाट्सएप मैसेज करते हुए सुसाईड करने की बात लिखी थी। मैसेज पढ़ने के बाद घबराए परिजनों ने उससे संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन अंशु का मोबाइल फोन लगातार बंद आ रहा है। इधर मैसेज भेजने के बाद बालक अपनी स्कूटी लेकर गुरूवार की सुबह करीब 8 बजे किसी को बिना बताए घर से निकला था जिसके बाद से वह लापता है। वहीं परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन कहीं पता नहीं चला। शुक्रवार की सुबह जगदलपुर के इंद्रावती नदी पर बने नए पुल के पास उसकी स्कूटी लावारिस हालत में मिली। इस पर बालक के खुदकुशी करने के इरादे से नदी में छलांग लगा देने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि नदी में उसकी खोज के लिए पुलिस टीम के साथ एसडीआरएफ की टीम भी जुटी हुई है। फिलहाल अंशु के बारे में अब तक कोई भी जानकारी नहीं मिल पाई है।

### शिक्षकों में नाराजगी, पदोन्नति पर रोक की मांग

## हाईकोर्ट के आदेश की अनदेखी पर आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ द्वारा पारित आदेश के बावजूद शिक्षा विभाग द्वारा अब तक स्पष्ट निर्देश जारी नहीं करने से जिले सहित प्रदेश भर के शिक्षकों में भारी असंतोष व्याप्त है। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय शिक्षक संघ रायगढ़ ने इस गंभीर विषय को लेकर संयुक्त संचालक शिक्षा कार्यालय बिलासपुर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को औपचारिक पत्र सौंपते हुए न्यायालयीन आदेश का तत्काल पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है।

संघ द्वारा बीते 5 दिसंबर को पारित आदेश का हवाला देते हुए कहा गया है कि उच्च न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि स्थानांतरित शिक्षकों की वरिष्ठता उनकी प्रथम नियुक्ति तिथि के आधार पर ही मानी जाए, न कि पदस्थापना अथवा अन्य किसी आधार पर। इसके बावजूद विभागीय स्तर पर वरिष्ठता सूची जारी करने में लापरवाही बरती जा रही है। शिक्षक संघ ने अपने पत्र में यह भी स्पष्ट किया है कि जब तक उच्च न्यायालय के आदेशानुसार वरिष्ठता सूची का पुनर्निर्धारण नहीं किया जाता तब तक शिक्षा विभाग में किसी भी प्रकार की पदोन्नति प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अन्यायपूर्ण पदोन्नति न हो और भविष्य में कानूनी जटिलताएं उत्पन्न न हों।



#### आदेश की अवहेलना का आरोप

संघ का कहना है कि यदि समय रहते आदेश का पालन नहीं किया गयाए तो यह न्यायालय की अवहेलना की श्रेणी में आएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी। शिक्षक संघ ने प्रशासन को आगाह किया है कि शिक्षक हितों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### हत्या कर कोयल नदी में फेंका शव, तीन गिरफ्तार

**राउरकेला।** बंडामुंडा पुलिस थाना क्षेत्र में कोयल नदी के किनारे, जोबाघाट गांव के पास, 2 जनवरी की सुबह अज्ञात व्यक्ति शव पाया गया। शव के पोस्टमॉर्टम में पता चला कि मृतक के शरीर पर कई चोटें थीं और यह हत्या का मामला है। इसके बाद हत्या का मामला 103(1)3(5) बी एन एस के तहत दर्ज कर जांच शुरू की गई। बीते 1 जनवरी की रात, आरोपी महेश मुण्डारी 26, लक्ष्मण मुण्डारी 23 और साहदेव सामसी 30 शराब के नशे में महेश मुण्डारी के घर के पास बैठे थे। मृतक उनके पास आते देख उन्हें चोर समझकर उन्होंने लाठी, घूंसे और लातों से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने सभी तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त लकड़ी और एक मोबाइल फोन जब्त किया।

### वनांचल में पुलिया बनी विकास की कड़ी केशरचुवा गांव में सुगम हुआ आवागमन

**रायगढ़।** जिले के विकासखंड तमनार अंतर्गत ग्राम पंचायत केशरचुवा में डीएमएफ मद से 8 लाख रुपए की लागत से पुलिया निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है।यह पुलिया ग्राम पंचायत केशरचुवा से टांगरघाट मार्ग पर नाले के ऊपर निर्मित की गई है, जहां पूर्व में पुलिया नहीं होने के कारण विशेषकर वर्षा ऋतु में मार्ग अवरुद्ध हो जाता था। बरसात के दिनों में पानी भर जाने से ग्रामीणों का आवागमन लगभग ठप हो जाता था और लोगों को वैकल्पिक एवं जोखिमपूर्ण मार्गों से आवागमन करना पड़ता था। बरसात में आवागमन की समस्या से मिली स्थायी राहत विकासखंड तमनार मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत केशरचुवा की कुल जनसंख्या करीब 2119 है, जिसमें 1068 महिलाएं एवं 1051 पुरुष शामिल हैं। पुलिया के अभाव में वर्षों से स्कूली बच्चों, बीमार व्यक्तियों, गर्भवती महिलाओं, किसानों तथा दैनिक मजदूरी एवं व्यापार से जुड़े लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बरसात के समय नाले में तेज बहाव के कारण कई बार घंटों तक रास्ता बंद रहता था। अब पुलिया निर्माण कार्य पूर्ण होने से ग्रामीणों को वर्षभर निर्बाध एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो गई है।

### कृत्रिम अंग लाभार्थियों के लिए स्थायी सेवा शिविर की घोषणा

**राउरकेला।** हनुमान वाटिका स्थित त्रिशक्ति धाम में कृत्रिम अंग लगाए गए लाभार्थियों के लिए एक स्थायी सेवा शिविर की स्थापना की जाएगी। इस शिविर के माध्यम से लाभार्थियों को कृत्रिम अंगों के नियमित रखरखाव, मरम्मत एवं तकनीकी सहयोग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह जानकारी त्रिशक्ति धाम एवं जय हनुमान ट्रस्ट के अध्यक्ष तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप राय ने दी। श्री राय ने यह घोषणा लायंस क्लब वेदव्यास और त्रिशक्ति धाम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर के समापन समारोह को संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा कि स्थायी सेवा शिविर के प्रारंभ होने से कृत्रिम अंग उपयोग करने वाले दिव्यांगजन किसी भी समय आने वाली समस्या के समाधान हेतु त्रिशक्ति धाम में संपर्क कर सकेंगे और उन्हें बिना किसी असुविधा के आवश्यक सेवाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने यह भी बताया कि त्रिशक्ति धाम परिसर में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लगभग 200 लोगों को प्रतिदिन निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है, जिससे जरूरतमंदों को नियमित राहत मिल सकेगी।

### अब तक 60 प्रतिशत भूमि हस्तांतरण नहीं 60 वर्ष पुराने प्रोजेक्ट का भविष्य अधर में

**राउरकेला।** शहरवासियों की 60 साल पुरानी मांग और बहुप्रतीक्षित तालचेर–बिमलगढ़ रेलवे परियोजना का भाग्य अब तक नहीं खुल पाया है। सुंदरगढ़ जिले में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी न होने के कारण परियोजना आगे नहीं बढ़ पा रही है। परियोजना की निराशाजनक प्रगति के पीछे जिला प्रशासन की अक्षमता और लगातार उपेक्षा ही मुख्य कारण बताया जा रहा है। यद्यपि स्थानीय ग्रामीण अधिक मुआवजे की मांग को लेकर भूमि अधिग्रहण का विरोध कर रहे हैं, लेकिन इस समस्या का समाधान करने में जिला प्रशासन पूरी तरह विफल रहा है। एकसाथ निर्माण संभव नहीं तालचेर की ओर से निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और बिमलगढ़ की ओर से भी निर्माण आरंभ किया गया है। लेकिन अब तक सुंदरगढ़ जिले में आवश्यक कुल भूमि का लगभग 60 प्रतिशत अधिग्रहण नहीं हो सका है। रेलवे को भूमि हस्तांतरित न होने के कारण निर्माण कार्य काफी धीमा हो गया है। सुंदरगढ़ जिले के अंतर्गत 32.25 किलोमीटर लंबे बिमलगढ़–महुलडिहा रेलखंड में से केवल 13 किलोमीटर का निर्माण कार्य जारी है, जबकि शेष 19 किलोमीटर का निर्माण बाधित पड़ा है। भूमि अधिग्रहण कर रेलवे को सौंपे न जाने के कारण एकसाथ निर्माण कार्य संभव नहीं हो पा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुंदरगढ़ जिले में अब भी 34.66 एकड़ निजी और 56.85 एकड़ सरकारी भूमि, कुल 91.51 एकड़ भूमि का अधिग्रहण शेष है। इसी प्रकार देवगढ़ जिले में 145.79 एकड़ (115.70 एकड़ निजी और 30.09 एकड़ सरकारी) तथा अंगुल जिले में 32.15 एकड़ (10.31 एकड़ निजी और 21.84 एकड़ सरकारी) भूमि अब तक अधिग्रहित नहीं हो सकी है।

## पौधों-फसलों पर बर्फ की चादर, किसान और आमजन परेशान

# जिले में शीतलहर का प्रकोप, 2 डिग्री से नीचे लुढ़का पारा





**जशपुरनगर।** जशपुर शहर में पिछले कुछ दिनों से ऐसा नजारा देखने को मिल रहा है, जो अब तक केवल पहाड़ी और अत्यधिक ठंडे इलाकों से ही जुड़ा माना जाता था। शहर में पहली बार खुले स्थानों में बर्फ जमती हुई नजर आई। न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंचते ही ओस की बूंदें जमकर बर्फ में तब्दील हो गईं। शहर के बाकी टोली, निचले और खुले इलाकों में घास, झाड़ियों, पौधों और फसलों की पत्तियों पर सफेद बर्फ की परत साफ दिखाई दी। सुबह तड़के जब लोग घरों से बाहर निकले तो पत्तियों पर जमी बर्फ देखकर हैरान रह गए। कई लोगों ने इसे अपने मोबाइल कैमरों में कैद किया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जशपुर शहर में इस तरह बर्फ जमते उन्होंने पहली बार देखा है। यह नजारा ठंड की तीव्रता को दर्शाता है।

### शीतलहर और पाले ने बढ़ाई ठंड

उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं के कारण पूरा जशपुर अंचल शीतलहर की चपेट में है। रात के समय तेज ठंड और सुबह पाला पड़ने से तापमान और गिर गया। खुले इलाकों में पाला जमने के कारण वातावरण में कड़ाके की ठंड बनी रही। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों ने बताया कि, सुबह खेतों में फसलों की पत्तियों पर जमी बर्फ ने उनकी चिंता बढ़ा दी है। खासकर सब्जी की फसल, आलू, मटर, गोभी, टमाटर और नर्सरी पौधों पर ठंड का सीधा असर दिख रहा है। कई स्थानों पर पत्तियां झुलसी हुई नजर आईं।किसानों का कहना है कि यदि अगले कुछ दिनों तक पाला बना रहा तो रबी फसलों को भारी नुकसान हो सकता है।

### अलाव के सहारे शहर



भीषण ठंड के कारण शहर और ग्रामीण इलाकों में जनजीवन प्रभावित रहा। सुबह के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। चौक-चौराहों, बस स्टैंड, बाजार और ग्रामीण इलाकों में लोग अलाव के आसपास जमा होकर ठंड से राहत लेते नजर आए। लोग सिर से पैर तक गर्म कपड़ों में लिपटे दिखाई दिए। ठंड का सबसे अधिक असर बुजुर्गों, छोटे बच्चों और दिहाड़ी मजदूरों पर पड़ा। सुबह-सुबह काम पर निकलने वाले मजदूरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कई परिवारों ने बच्चों को सुबह जल्दी बाहर निकलने से रोका।

### आगे भी राहत की उम्मीद कम

मौसम जानकारों के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक जशपुर अंचल में ठंड से राहत मिलने की संभावना कम है। रात और सुबह के तापमान में और गिरावट दर्ज हो सकती है, जिससे पाला और बर्फ जमने की स्थिति दोबारा बन सकती है। शहर में पहली बार जमी बर्फ जहां लोगों के लिए कौतूहल का विषय बनी, वहीं कड़ाके की ठंड ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। जशपुर इस समय भीषण ठंड के सबसे कठिन दौर से गुजर रहा है।

**क्या कहते हैं डॉक्टर-** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जीएस जात्रा का कहना है कि, ऐसे ठंड में लोगों को ठंड बच के रहना चाहिए। बच्चो एवं बुजुर्गों को सावधान रहने की जरूरत है। वो लोग जो बीपी और हृदय रोग से पीड़ित है।

## वित्त मंत्री की मां कौशल्या ने किया बाजार का उद्घाटन



**पुसौर।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी के माता ने ग्राम पंचायत बेलपाली में लगने वाली बाजार का उद्घाटन किया। कोडातराई, कुंजेडबरी, जकेला औरदा झारमुडा और डुमरपाली के बीच बेलपाली है।

इस ग्राम पंचायत प्रबंधन के लोगों ने शुक्रवार के दिन बाजार स्थापित करने के लिए विधिवत शासकीय स्वीकृति ली और बीते शुक्रवार को गहिरा मेला के साथ उक्त बाजार का क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों की उद्घाटन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती कौशल्या देवी चौधरी रहीं। जिनका स्वागत करने के बाद लड्डुओं से तौला गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती भाग्यवती डोलनारायण नायक, जनपद अध्यक्ष हेमलता हरिशंकर चौहान, जानकी चौधरी, बीडीसी गोपी चौधरी, बेलपाली के सरपंच श्रीमती सत्यभामा सिदार, सचिव रूपलाल चौहान, उप सरपंच ब्रजेश पटेल, पंचों में कोमल प्रसाद पटेल विनोद महंत घासीलाल सिदार, कमला चौहान, गीता चौहान मोहरमती सिदार उर्मिला महंत प्रतिमा यादव, रेवती पटेल सहित पहल समिति के सदस्यों में लोकनाथ पटेल, सेतराम सिदार रोहित चौहान भुवन पटेल दीनबंधु सिदार, राकेश पटेल सुराजभान पटेल गोपाल पटेल, राहुल पटेल, सतीष पटेल सोहित चौहान पालुराम पटेल आदि उपस्थित रहे। बेलपाली के गौटिया बाबूलाल पटेल, जकेला से चंद्रमणि पटेल सरोज पटेल, देवलाल पटेल, आंगनबाडी कार्यकर्ता सुशमा सिदार भी मौजुद रहे। बाजार उदघाटन को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों में एक उल्लासमय वातावरण रहा चूंकि सबको समय एवं निर्धारित दर पर रोजमर्रा के सामान अपने स्थान में मिलेगा। कार्यक्रम की शुरूआत अपरान्ह 3 बजे से हुई जिसके लिए बेलपाली पंचायत, पहल समिति सदस्य एवं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष गोपी चौधरी कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में मददगार साबित हुए।

### दस्तावेजों का सत्यापन, 1217 मतदान केंद्रों में जारी है दावा आपत्ति

**रायगढ़।** जिले में मतदाता सूची अद्यतन करने की प्रक्रिया तेजी से जारी है। अर्हता तिथि 01 जनवरी के आधार पर जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों 15 लैलूंगा, 16 रायगढ़, 18 खरसिया एवं 19 धरमजयगढ़ के कुल 1217 मतदान केंद्रों विहित स्थानों तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सह निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सर्व तहसीलदार सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालयों में निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर को किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सुनवाई चरण में प्रारंभिक प्रकाशन के पश्चात दावा आपत्तियों का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा सभी अनमैप मतदाताओं को नोटिस जारी कर निर्धारित तिथियों पर सुनवाई की जा रही है।

## तकनीकी खराबी से जलदा कैंसर गांव के पास गिरा विमान, दो पायलट समेत 6 घायल

**राउरकेला।** भुवनेश्वर से राउरकेला आ रहा एक 9 सीटर छोटा विमान तकनीकी खराबी के कारण राउरकेला के जलदा कैंसर गांव के पास एक मैदान में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में दो पायलटों समेत कुल छह लोग घायल हो गए। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी की जान नहीं गई।

हादसे के बाद मौके पर आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही जलदा, रघुनाथपाली और लाठीकाटा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विमान के पायलट नवीन खंगारा की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि सह पायलट तरुण श्रीवास्तव तथा यात्री अनीता साहू, सबिता अग्रवाल और सुनील अग्रवाल भी घायल हुए हैं। एक अन्य घायल यात्री की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी है। सभी घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है।



**जांच के आदेश:** घटना के संबंध में राज्य के परिवहन मंत्री विभूति जेना ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार विमान में तकनीकी खराबी आने के कारण यह दुर्घटना हुई। उन्होंने कहा कि भगवान की कृपा से कोई जनहानि नहीं हुई है और सभी यात्रियों की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। परिवहन मंत्री ने मामले की विस्तृत जांच के आदेश दे दिए हैं। वहीं, घटना की गंभीरता को देखते हुए राउरकेला के पुलिस अधीक्षक एसपी भी मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा ले चुके हैं। प्रशासन द्वारा पूरे मामले पर नजर रखी जा रही

## शासकीय उमावि में स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**रायगढ़।** शासकीय बल्लभ भाई पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय रायगढ़ में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ता थे रायगढ़ के सुप्रसिद्ध आर्थोपेडिस्ट तथा जनरल फिजिसेयन डॉ राजू अग्रवाल। साथ में थे एन आर प्रधान सेवा निवृत शिक्षक पंडरीपानी तथा रायगढ़ से कमलेश जैन सेवा निवृत शाखा प्रबंधक सेवा निवृत व्याख्याता विमल चौधरी। प्राचार्य एसके शर्मा ने अतिथियों का स्वागत कर डॉ राजू का परिचय कराते हुए बताया कि वे स्वतंत्रता सेनानी पूर्व विधायक स्व. राम कुमार अग्रवाल के सुपुत्र हैं। डॉ राजू ने विद्यार्थियों को विभिन्न परिस्थितियों में कोई घटना होने पर चिकित्सक के पास ले जाने से पहले क्या करना चाहिए तथा क्या सावधानी बरतनी चाहिए विस्तार से समझाया।



डॉ राजू ने चोट लगने से या किसी चाकू ब्लेड शीशा से कट जाने पर ब्लीडिंग रोकने के लिए बिच्छू सांप काटने से आग लगने से जल जाने पर गिरने से हड्डी फ्रेक्चर की शंका हो तो, छाती में दर्द, होने पर, मृगी के झटके आने से, विषैला पदार्थ खा लेने पर, खाद्य पदार्थ में छिपकली गिर जाने पर, अचानक कोई गिर जाए, उल्टी होने पर क्या क्या करना चाहिए क्या नहीं करना चाहिए समझाया। उन्होंने आकाशीय बिजली से बचाव के तरीके तथा कार्डिएक अरेस्ट के लक्षण और सी पी आर देने का तरीका बताया।

## सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण के एक हजार साल पूरे भाजपा ने शिवालय में किया रुद्राभिषेक अनुष्ठान

**सरिया।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही के नेतृत्व में भाजपा मंडल सरिया के द्वारा प्रसिद्ध पुरातात्विक ऐतिहासिक महत्व के 1300 साल पुराना शिवालय स्वयंभू शिव मंदिर पुजेरीपाली में आज शनिवार को रुद्राभिषेक का आयोजन किया। सोमनाथ मंदिर के इतिहास में 2026 एक खास पड़ाव के दिन होने पर इस खास दिन को भाजपा ने स्वाभिमान पर्व आयोजित किया।




सोमनाथ मंदिर देश के सबसे महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों में से एक है। सोमनाथ मंदिर का नाम सुनते ही भारत की आत्मा आस्था और गौरव का एहसास होता है। आज से 1000 साल पहले सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण हुआ था। जिसको लेकर आज भाजपा मंडल सरिया के द्वारा प्रसिद्ध ऐतिहासिक शिव मंदिर में रुद्राभिषेक अनुष्ठान आयोजित किया। बता दे की सोमनाथ भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों में से पहले माना जाता है। जो सिर्फ एक धार्मिक स्थल ही नहीं बल्कि, हजारों साल पुरानी भारतीय सभ्यता, विश्वास और संघर्ष की कहानी है। इस वर्ष मंदिर पर हुए पहले आक्रमण को 1000 साल पूरे हुए। इसे लेकर आज 10 जनवरी को भाजपा मंडल सरिया के द्वारा स्वाभिमान पर्व आयोजित किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप सतपथी, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष परदेसी प्रधान, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अरूण शराप, जुगल अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सड़क पर बिखरी रेत दुर्घटना की आशंका हादसे के बाद भी नहीं चेता प्रशासन

**राउरकेला।** सड़क किनारे और मुख्य मार्गों पर पड़े रेत के ढेर अब शहरवासियों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग पर फिसलकर गिरने से पत्रकार शिला पटनायक की दर्दनाक मौत के बाद पूरे राज्य में आक्रोश है। यह हादसा न केवल व्यवस्था की लापरवाही को उजागर करता है। यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी सड़क पर पड़ी रेत के कारण कई निर्दोष लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। नियम स्पष्ट हैं कि सार्वजनिक सड़क पर रेत, गिट्टी, ईंट, सीमेंट अथवा निर्माण सामग्री का ढेर लगाना अपराध है, जिसके लिए जुर्माने के साथ जेल की सजा का भी प्रावधान है। इसके बावजूद शहर में नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।



स्थिति यह है कि केवल एक किलोमीटर के दायरे में ही मुख्य सड़क और उससे जुड़ी गलियों के कई हिस्सों में बड़े बड़े रेत के ढेर लगे हुए हैं। कुछ स्थानों पर निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, तो कहीं काम बीच में ही रुक गया है, लेकिन सड़क पर पड़ी रेत को हटाने की जहमत किसी ने नहीं उठाई। कई जगहों पर रेत सड़क तक फैल चुकी है, जिससे यातायात बाधित हो रहा है और दुर्घटना की आशंका हर पल बनी रहती है। इन्हीं सड़कों से रोज़ाना स्कूल बसें, ऑटो, दुपहिया वाहन, साइकिल सवार, बुजुर्ग, छात्र छात्राएं और कार्यालय जाने वाले कर्मचारी गुजरते हैं।

### महावीर दिगंबर जैन हाई स्कूल में "जॉय ऑफ द मंथ" कार्यक्रम

# जैन हाई स्कूल में जॉय ऑफ द मंथ के तहत स्टेज प्ले

**जशपुरनगर।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत जशपुर नगर स्थित महावीर दिगंबर जैन हाई स्कूल में "जॉय ऑफ द मंथ" कार्यक्रम के तहत एक प्रेरणास्पद एवं भावनात्मक स्टेज प्ले का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं उत्कृष्टता की भावना को विकसित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विविध सामाजिक एवं जीवनोपयोगी विषयों पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियां दीं। आशा की किरण, नई सुबह, सही चुनाव, खामोशी भी बोलती है, आत्म-बोध, सच की जीत, दिल का दर्पण तथा पढ़ने की चाह जैसे सारगर्भित शीर्षकों के माध्यम से विद्यार्थियों ने आत्मबोध, साहस, ईमानदारी, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, जिज्ञासा और सम्मान जैसे मूल्यों को सजीव अभिनय के साथ मंच पर प्रस्तुत किया। बच्चों की भाव-भंगिमा, संवाद अदायगी और आत्मविश्वास ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस स्टेज प्ले से पूर्व विद्यार्थियों को पांच प्रेरणादायी फिल्में दिखाई गई थीं, जिनसे पांच प्रमुख जीवन मूल्यों का चयन किया गया। उन्हीं संदेशों को नाट्य रूप देकर विद्यार्थियों ने अभिनय से सभी को आनंदित एवं प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### एनएसएस स्वयं सेवकों ने दिया नशा मुक्त समाज का संदेश

**सारंगढ़।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा आयोजित ग्राम गोड़ीहारी में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। इसमें स्वयंसेवक छात्राओं ने नशा मुक्त समाज में युवा थीम पर नाटक, नृत्य, साफ सफाई कार्य, परियोजना कार्य किया और स्वच्छता का संदेश दिया। उनके द्वारा गांव में जनजागरूकता किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत गोड़ीहारी के सरपंच, बीडीसी और डी के शर्मा व्याख्याता शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय सारंगढ़, वीरेंद्र जोल्हे सहायक कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस सहसराम साहू,पूर्व माध्यमिक और प्राथमिक शाला गोड़ीहारी के शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

## लैंपस का दक्षता विकास कार्यक्रम, सदस्यों को मिले दक्षता विकास के टिप्स




**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के सौजन्य से शुक्रवार को बनाई आईटीडी, सभा गृह में बनाई अनुमंडल के 13 लैम्प्स प्रबंधन परिषद के सदस्यों एवं प्रबंध निदेशकों के लिए कौशल विकास एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक के अध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार त्रिपाठी ने की। इस अवसर पर सहकारी समितियों की उपनिबंधक रश्मिलता बेहरा, बैंक के कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्र नाथ कालुंडिया, वरिष्ठ सहायक निबंधक, बनाई अजय कुमार सेठी, और सहकारी निरीक्षक, सुंदरगढ़ चैतन्य बेमल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षण देते हुए प्रतिभागियों को आवश्यक दिशा निर्देश और जागरूकता प्रदान की।




# 'इश्क दा चेहरा' ने दर्शकों को कर दिया इमोशनल

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सनी देओल की वॉर ड्रामा 'बॉर्डर 2' का नया गाना 'इश्क दा चेहरा' रिलीज हो गया है। ये एक सोलफुल रोमांटिक मेलोडी गाना है, जो दर्शकों के सामने एक मूवी का एक इमोशनल एंगल दर्शा रहा है। गाने में दिखाया गया है कि कैसे देश के साथ-साथ जवान अपनी पर्सनल लाइफ में भी अपने परिवार को कितना प्यार करते हैं। कैसे उनकी पत्नियां उनका इंतजार करती हैं और एक दिन आता है कि वो वापस उन्हें छोड़कर अपनी धरती मां की रक्षा के लिए बॉर्डर पर लौट जाते हैं। 'बॉर्डर 2' के दूसरे गाने 'इश्क दा चेहरा' ने दर्शकों को इमोशनल कर दिया है। इस गाने को दिलजीत दोसांझ, सचेत टंडन और परंपरा टंडन ने मिलकर गाया है। गाना का म्यूजिक सचेत-परंपरा ने दिया है जबकि लिरिक्स कौसर मुनीर ने लिखे हैं। फिल्म के कास्ट की बात करें तो इसमें सनी देओल के अलावा फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा जैसे स्टार्स अहम रोल में हैं। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में धमाका करने आ रही है।

## लाइफ Style



# शनाया

## खौफ से शुरू हुई एक अनोखी प्रेम कहानी

फिल्म 'तू या मैं' एक्टर संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर की दूसरी फिल्म है। इस फिल्म का टीजर सामने आ चुका है। टीजर में यह फिल्म एक आम लव स्टोरी नहीं लग रही, पहली झलक में यह ऑडियंस को डराती है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

'तू या मैं' के टीजर में शनाया कपूर का किरदार स्विमिंग पूल में नजर आता है, वह रिलैक्स कर रही होती है। अचानक उसे लगता है कि पूल के अंदर कोई है। यह सीन खौफ पैदा करता है। आगे टीजर में एक लव स्टोरी, रोमांस नजर आता है। लेकिन फिर कहानी बदलती है और लीड कैरेक्टर एक बड़ी मुश्किल में फंस जाते हैं। दोनों को अब बस अपनी जिंदगी बचानी है। फिल्म 'तू या मैं' एक सर्वाइवल थ्रिलर है। फिल्म में दर्शको को प्यार, रोमांस के अलावा सस्पेंस भी देखने को मिलेगा। फिल्म की कहानी का जहां तक सवाल है तो इसमें दो इंफ्लुएंसर हैं, जो एक बड़ी मुश्किल में फंस जाते हैं, इस दौरान उनका सामना मौत से होता है। इस स्टोरी लाइन के साथ फिल्म 'तू या मैं' बन रही है। फिल्म में शनाया कपूर के अपोजिट आदर्श गौरव नजर आ रहे हैं। फिल्म 'तू या मैं' की रिलीज डेट तो मेकर्स ने शेयर की है।

यह फिल्म फरवरी महीने में वैंलटाइन वीक में रिलीज हो सकती है। इसकी रिलीज डेट 13 फरवरी है। शनाया कपूर ने फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसमें वह विक्रांत मैसी के साथ नजर आईं। जल्द ही उनकी फिल्म 'तू या मैं' रिलीज होगी। फिल्म 'तू या मैं' के अलावा शनाया कपूर एक और फिल्म में नजर आएंगी। इस फिल्म का नाम 'जेसी' है।

## हॉलीवुड मसाला



# 83वें गोल्डन ग्लोब में अवॉर्ड करेंगी प्रेजेंट

**लॉस एंजिल्स।** रविवार 11 जनवरी को लास एंजिल्स में होने वाले गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में अब अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा प्रेजेंटेटर्स में शामिल हो गई हैं। आयोजकों की ओर से इस बात की जानकारी दी गई। जिसके बाद जाहिर है कि प्रियंका भी इस अवॉर्ड फंक्शन में अवॉर्ड प्रेजेंट करती नजर आएंगी। गोल्डन ग्लोब्स के आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड अभिनेत्री जूलिया रॉबर्ट्स, अभिनेता जॉर्ज क्लूनी और मिला कुनिस के साथ स्टेज पर अवॉर्ड्स प्रेजेंट करेंगी। प्रियंका लंबे समय बाद इस प्रतिष्ठित मंच पर नजर आएंगी। प्रेजेंटर्स की इस स्टार-स्टडेड लिस्ट में कई और बड़े नाम भी शामिल हैं। 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स 11 जनवरी को लॉस एंजिल्स के बेवर्ली हिल्टन होटल में आयोजित होंगे। इसमें फिल्म, टेलीविजन और पहली बार पॉडकास्ट के क्षेत्र में इस साल शानदार काम करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।




# बॉलीवुड फिल्म में काम करना चाहती हैं सोफी

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड कलाकारों की हॉलीवुड के एक्टर-एक्ट्रेस के प्रति दीवानगी किसी से छिपी नहीं है। लेकिन हॉलीवुड में भी अपने देश के कलाकारों की फैन फॉलोइंग कोई कम नहीं है। अब हाल ही में 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में अपनी भूमिका के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस सोफी टर्नर ने बॉलीवुड स्टार्स दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान के प्रति अपनी दीवानगी जाहिर की है। इसके साथ ही सोफी टर्नर ने जल्द ही किसी बॉलीवुड फिल्म में काम करने की इच्छा भी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मैं सचमुच किसी बॉलीवुड फिल्म में काम करना चाहूंगी। मुझे वहां का डांस बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि यह एक अद्भुत नजारा होता है और वे बहुत खूबसूरत होते हैं। प्रोडक्शन डिजाइन इतना शानदार होता है कि मुझे नहीं लगता कि हमने कभी किसी हॉलीवुड फिल्म सेट पर ऐसा कुछ देखा होगा। सोफी टर्नर ने अभी तक किसी भी भारतीय सिनेमा में काम नहीं किया है। हालांकि, उन्होंने 2018 में अपने पूर्व बहनोई निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा की शादी के जश्न के लिए भारत का दौरा किया था।



# नवलगढ़ में घूंघट की शूटिंग करने पहुंचीं

**मुंबई।** अभिनेत्री तापसी पन्नू इस वक्त राजस्थान के झुंझुनू जिले के नवलगढ़ में हैं। वे यहां अपनी फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में पहुंची हैं। सेट से एक्ट्रेस की तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें वे खाकी वर्दी पहने दिख रही हैं। पुलिस ऑफिसर के गेटअप में तापसी काफी रौबदार अंदाज में नजर आ रही हैं। तापसी का यह लुक फिल्म 'घूंघट' का है। अभिनेत्री तापसी पन्नू अपनी फिल्म 'घूंघट' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में वे खाकी वर्दी पहने नजर आएंगी। तापसी इन दिनों नवलगढ़ में फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। सेट से सामने आई तस्वीरों में अभिनेत्री तापसी महिला थानेदार के गेटअप में नजर आ रही हैं। तापसी की यह फिल्म अनुपम सिन्हा और मकबूल खान के निर्देशन में बन रही है। सेट से लीक हुई तस्वीरों और वीडियो में तापसी पन्नू महिला थानेदार की वर्दी पहने हुए नजर आ रही हैं।



# ओ रोमियो का फर्स्ट लुक आया सामने

**मुंबई।** शाहिद कपूर की मच अवेटेड फिल्म 'ओ रोमियो' का फर्स्ट लुक शुक्रवार को सामने आ गया है। इस पहले लुक में शाहिद काफी खूंखार अंदाज में नजर आ रहे हैं। लाल रंग के बैकग्राउंड में शाहिद का चेहरा खून से लथपथ दिख रहा है। वहीं वो जोश में चीखते दिख रहे हैं। पोस्टर को देखकर ऐसा लगता है कि शाहिद और विशाल भारद्वाज एक बार फिर 'कमीने' जैसा कुछ अलग लाने वाले हैं। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी साफ कर दिया है कि फिल्म की पहली झलक या टीजर शनिवार को सामने आएगा। 13 फरवरी को फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी। विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बन रही इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस फिल्म की झलक पाने के लिए बेकरार थे। अब शाहिद कपूर के इस पहले पोस्टर को ही देखकर फैंस उत्साहित हो गए हैं।

## टीवी मसाला



# 1985 में 'विक्रम और बेताल' शो ने रचा था इतिहास

**नई दिल्ली।** टीवी जगत के ऐसे कई शोज हैं, जिनको आज भी याद किया जाता है। इसमें रामायण, महाभारत और शक्तिमान समेत कई शो हैं, जो लोगों के दिलों में बस चुके हैं। 80 और 90 के दशक में टीवी शोज का दौर हुआ करता था। उस टाइम में आने वाले नए-नए शो लोगों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं हुआ करते थे। पूरी फैमिली के साथ टीवी सीरियल देखने का मजा ही अलग था। उस वक्त ना यूट्यूब और ना ही ओटीटी बस टीवी शो ही एकमात्र मनोरंजन का जरिया हुआ करते थे। बात करेंगे उस पुराने टीवी शो की जो 41 साल बाद भी लोगों को याद है। दूरदर्शन पर आने वाला यह शो अपनी लोककथाओं और पौराणिक कहानियों पर बेस्ड था। इस शो में वो सभी कलाकार नजर आए थे, जो रामायण और महाभारत में भी देखे गये थे। अरुण गोविल, अरविंद त्रिवेदी, सुनील लहरी, विजय अरोड़ा, दीपिका चिखलिया, मूलराज राजदा, रमेश भटकर और लिलिपुट जैसे स्टार इस शो में नजर आए थे। इस शो का नाम सामने आते ही इसका एक-एक एपिसोड आपकी आंखों के सामने आ जाएगा। 'विक्रम और बेताल' जी हां, यह वही शो है, जिसमें टीवी के राम ने विक्रम का रोल प्ले किया था। इस शो की कहानी राजा विक्रमादित्य और बेताल के सवालों के इर्द-गिर्द घूमती है। इस शो की सबसे खास बात यह रही कि इसे बच्चों के साथ-साथ बड़ों ने भी खूब पसंद किया था। बच्चों के लिए यह थोड़ा डरावना भी था, क्योंकि बेताल का लुक किसी भूत से कम नहीं था।

# मास्टरशेफ इंडिया में पहुंचीं पार्किंसन से जंग लड़ रही लड़की

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर शो 'मास्टरशेफ इंडिया' के 9वें सीजन का आगाज हो चुका है। अभी शो के ऑडिशन चल रहे हैं, जिसमें एक से बढ़कर एक हुनरबाज लोगों को देखा जा रहा है। अब शो में ऐसी जोड़ी की एंट्री हुई है, जिनके हुनर को देखकर तीनों जज खुद को एप्रन देने से नहीं रोक पाए और सेट पर मौजूद हर शख्स की आंखें नम थीं। शो में जहां सिर्फ अच्छे खाने की तलाश की जा रही है, वहीं इसी के साथ लोगों की संघर्ष की कहानी फैंस और जजों को रोने पर मजबूर कर रही है।



'मास्टरशेफ इंडिया' का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें एक ऐसे कंटेस्टेंट को देखा गया है जो मानसिक और शारीरिक रूप से सक्षम नहीं है, लेकिन किचन में कुकिंग करते ही, वे अपनी सारी कमजोरियों पर काबू पा लेती हैं। हम बात कर रहे हैं मनीषा की, जो 14 साल की उम्र में कोमा में चली गई थीं और हैवी डोज की दवाएं लेने की वजह से सेकेंडरी पार्किंसन से ग्रस्त हो गईं। इस बीमारी में मांसपेशियां अकड़ हो जाती हैं और शरीर अपने आप कांपने लगता है।



# भाबी जी की सवारी निकल पड़ी थिएटर की ओर...

**मुंबई।** सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं' के फैंस के लिए खुशखबर है। अब यह सीरियल, फिल्म के रूप में बड़े आ रहा है। फिल्म 'भाबी जी घर पर हैं' का पहला पोस्टर और रिलीज डेट सामने आ चुकी है। सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं' में आसिफ शेख, शुभांगी अत्रे, रोहताश गौर जैसे एक्टर्स नजर आते थे। यह सभी फिल्म का भी हिस्सा हैं। वहीं, फिल्म में रवि किशन, मुकेश तिवारी जैसे उम्दा कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म के पोस्टर में सभी एक्टर्स नजर आ रहे हैं। फिल्म 'भाबी जी घर पर हैं' की रिलीज डेट भी मेकर्स ने शेयर की है। यह फिल्म अगले महीने वैंलेटाइन डे से पहले रिलीज होगी। इस फिल्म की रिलीज डेट 6 फरवरी है। पोस्टर रिलीज के साथ मेकर्स ने कैप्शन लिखा है, 'गली गली में होगा शोर, क्योंकि भाबी जी की सवारी निकल पड़ी है थिएटर की ओर।'

# शोभिता की चीकाटिलो का पोस्टर जारी

**मुंबई।** द नाइट मैनेजर जैसी वेब सीरीज में नजर आईं अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं। यह एक सस्पेंस-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। फिल्म का नाम चीकाटिलो है। फिल्म की घोषणा के साथ ही इसका पहला पोस्टर भी जारी हुआ है, जिसमें शोभिता इंटेंस लुक में नजर आ रही हैं। चीकाटिलो प्राइम वीडियो की ओरिजिनल तेलुगु भाषा की फिल्म है। हालांकि, यह हिंदी में भी रिलीज होगी। हैदराबाद की पृष्ठभूमि पर बनी चीकाटीलो एक रोमांचक क्राइम-सस्पेंस फिल्म है। कहानी संध्या नाम की लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक ट्रू-क्राइम पॉडकास्टर है। इस किरदार को शोभिता धुलिपाला ने निभाया है। अपने इंटर्न की रहस्यमयी मौत के बाद न्याय पाने की अपनी लगातार कोशिश में संध्या को खौफनाक अपराधों की एक चौंकाने वाली कड़ी का पता चलता है। जिसके बाद उसके सामने शहर के कुछ सबसे खौफनाक और काले राज सामने आते हैं। फिल्म 23 जनवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। शरण कोपिशेट्टी द्वारा निर्देशित चीकाटिलो को डी. सुरेश बाबू ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म की कहानी चंद्र पेम्माराजू और शरण कोपिशेट्टी ने लिखी है। फिल्म में शोभिता धुलिपाला और विश्वदेव राचकोंडा मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा चैतन्य विशालक्ष्मी, ईशा चावला, झांसी, आमानी और वडलामणि श्रीनिवास भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।




# 'द राजा साब' की रिलीज के बीच पशुपतिनाथ पहुंचे संजय



**मुंबई।** संजय दत्त इन दिनों अपनी फिल्मों 'धुरंधर' और 'द राजा साब' को लेकर सुर्खियों में हैं। ऐसे में वह पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे हैं। संजय दत्त और प्रभास की अदाकारी से सजी फिल्म 'द राजा साब' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ऐसे में संजय दत्त शुक्रवार को नेपाल की राजधानी काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचे और पूजा की। एक्टर गुरुवार शाम को एक कसीनो के उद्घाटन में शामिल होने के लिए काठमांडू पहुंचे। उनकी यात्रा से फैंस खुश हो गए। एक्टर के पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचने के कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक्टर कड़ी सुरक्षा के बीच हैं। संजय दत्त की यह यात्रा ऐसे मौके पर हुई जब उनकी फिल्म 'द राजा साब' रिलीज हुई है। संजय दत्त और प्रभास स्टारर 'द राजा साब' 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म में एक्टर एक खतरनाक रोल में नजर आ रहे हैं। 'द राजा साब' के निर्देशक मारुति हैं। इसमें बोमन ईरानी, मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार भी अहम किरदारों में हैं। इससे पहले संजय दत्त आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'धुरंधर' में नजर आए थे। 5 दिसंबर 2025 को रिलीज हुई इस फिल्म में रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन थीं। यह फिल्म अब भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

## भारत की उम्मीदें नीरज घेवान की फिल्म होमबाउंड पर टिकी हैं

# कांतारा चैप्टर 1 और तन्वी द ग्रेट भी ऑस्कर की रेस में शामिल

इस बार ऑस्कर में भारत की उम्मीदें नीरज घेवान की फिल्म 'होमबाउंड' पर टिकी हैं। होमबाउंड ऑस्कर में भारत की ओर से आधिकारिक तौर पर भेजी गई फिल्म है। फिल्म अभी भी रेस में बनी हुई है। लेकिन, अब भारत की दो और फिल्में भी ऑस्कर की दौड़ में शामिल हो गई हैं। जिसके बाद अब भारत को इन दो फिल्मों से भी उम्मीद बंध गई है। हालांकि, अभी इन फिल्मों को लेकर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

इस साल बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई करने वाली ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा: चैप्टर 1' और अनुपम खेर के निर्देशन में बनी 'तन्वी द ग्रेट' उन 201 फीचर फिल्मों की सूची में शामिल हो गई हैं, जो 98वें अकादमी पुरस्कारों के लिए विचाराधीन हैं। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंस (एएमपीएएस) ने उन 201 योग्य फिल्मों की घोषणा की है, जो प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार के लिए सीधे तौर पर पात्र हैं। इस लिस्ट में 'कांतारा चैप्टर 1' और 'तन्वी द ग्रेट' भी शामिल हो गई हैं। ऐसे में अब इन दोनों फिल्मों से भी ऑस्कर में उम्मीदें जाग गई हैं।




### सभी शर्तों को दोनों फिल्मों ने किया पूरा

सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए एलिजिबल फिल्मों ने सामान्य एंट्री के अलावा सभी अतिरिक्त एलिजिबलिटी आवश्यकताओं को भी पूरा किया। इसमें सिनेमाघरों में प्रदर्शन और एक कॉन्फिडेंशियल अकादमी प्रतिनिधित्व और समावेशन मानक प्रविष्टि फॉर्म जमा करना भी शामिल है। फिल्मों को अकादमी के चार इन्क्लूजन स्टैंडर्ड में से कम से कम दो को पूरा करना और 2025 में अपनी पहली रिलीज के 45 दिनों के भीतर शीर्ष 50 अमेरिकी बाजारों में से 10 में एक योग्य थिएटर प्रदर्शन पूरा करना भी आवश्यक था। सर्वश्रेष्ठ फिल्म श्रेणी में शामिल होने की सभी शर्तें पूरी करने के बाद 'कांतारा चैप्टर 1' और 'तन्वी द ग्रेट' दोनों ही ऑस्कर पुरस्कार के संभावित दावेदार बन गए हैं। अकादमी द्वारा अंतिम नामांकन सूची 22 जनवरी को जारी की जाएगी।

### 2025 की सबसे सफल फिल्मों में शामिल कांतारा चैप्टर 1

*होम्बले फिल्म्स द्वारा निर्मित 'कांतारा: चैप्टर 1' ऋषभ शेट्टी द्वारा लिखित, निर्देशित और अभिनीत फिल्म है। यह 2025 की सबसे सफल फिल्मों में से एक है। दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स ने भी फिल्म को जमकर सराहा था। वहीं दूसरी ओर 'तन्वी द ग्रेट' का निर्माण, निर्देशन और लेखन अनुपम खेर ने किया है। यह फिल्म ऑटिज्म पर आधारित है, जिसमें एक ऑटिस्टिक लड़की तन्वी की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म में अनुपम खेर के अलावा शुभांगी दत्त, अरविंद स्वामी, बोमन ईरानी, जैकी श्रॉफ और पल्लवी जोशी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।*

## खबर संक्षेप

### विशेष लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन

**रायगढ़।** सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर आम नागरिकों को परिवहन संबंधी सेवाएं सुलभ कराने के उद्देश्य से जिला परिवहन कार्यालय रायगढ़ द्वारा विशेष लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार यह शिविर 10 और 11 जनवरी को एनटीपीसी लारा में आयोजित किया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि शिविर में लर्निंग लाइसेंस बनवाने के इच्छुक आवेदकों को मौके पर ही आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने की सुविधा प्रदान की जाएगी, जिससे उन्हें जिला परिवहन कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

### अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होंगे 133 अभ्यर्थी

**रायगढ़।** भारतीय थलसेना द्वारा अग्निवीर भर्ती हेतु आयोजित ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा सीईई में सफल युवाओं के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाएं 10 जनवरी से 24 जनवरी तक इंडोर स्टेडियम, धमतरी में आयोजित की जा रही हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते मई जून में आयोजित सीईई परीक्षा में रायगढ़ जिले से कुल 133 उम्मीदवार सफल हुए हैं। इन सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथियों में भर्ती रैली में सम्मिलित होना अनिवार्य है। पदों के अनुसार अभ्यर्थियों की उपस्थिति की तिथि इस प्रकार निर्धारित की गई है। इनमें के लिए 15 जनवरी 10वीं के लिए 20 जनवरी एवं 8वीं के लिए 21 जनवरी है। भर्ती रैली का आयोजन इंडोर स्टेडियम धमतरी में किया जाएगा।

### आबकारी ने किया महुआ शराब जब्त

**रायगढ़।** आबकारी टीम ने ग्राम घुघवा, थाना पुसौर में छापा मारते हुए आरोपी कार्तिक कुंवर चौहान, उम्र 50 वर्ष, निवासी घुघवा, के आधिपत्य से कुल 08 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की। जब्त शराब में 2-2 लीटर क्षमता वाली हरे रंग की दो बोतलों में 4 लीटर एवं सफेद रंग की दो बोतलों में 4 लीटर महुआ शराब शामिल है, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 1600 रुपए बताया गया है।

## श्रद्धांजलि...

### श्रीमती स्वर्णलता

**रायगढ़।** गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव की पूज्य माताजी स्व. श्रीमती स्वर्णलता सिंह निधन पर जिला भाजपा के पदाधिकारी अंबिकापुर उनके निवास स्थान पहुंचे और उनके तैल चित्र में पुष्प चढ़ाते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला भाजपा अध्यक्ष अरूणधर दीवान ने कहा दुख की इस घड़ी में जिला भाजपा परिवार जनों के साथ है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। शोक श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो में वरिष्ठ भाजपा नेता गुरुपाल भल्ला उपाध्यक्ष सतीश बेहरा, अरुण कातोरे, महामंत्री द्वय विकास केडिया जतिन साव, मंत्री पावन अग्रवाल, महिला नेत्री गायत्री केशरवानी, खरसिया नपा अध्यक्ष कमल गर्ग सहित भाजपा पदाधिकारियों ने छायाचित्र पर रायगढ़ भाजपा परिवार की ओर से पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

### हिंदी और अंग्रेजी माध्यम मिला कर खोले गए है 36 आत्मानंद स्कूल

# शिक्षकों की कमी से जूझ रहे आत्मानंद स्कूल छात्रों को करना पड़ रहा मुश्किलों का सामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

6 महीने बीतने के बाद भी इस सत्र से संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट माध्यम विद्यालयों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। जिले में हिंदी और अंग्रेजी माध्यम को मिला कर 36 आत्मानंद स्कूल खोले गए हैं। इन स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती के लिए प्रतिनियुक्ति से पद भरने की प्रक्रिया पूरी करने के बाद भी शिक्षकों की पदस्थापना नहीं की गई है। यही वजह है कि स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने के लिए पर्याप्त शिक्षक नहीं है। इधर फरवरी माह में बोर्ड की परीक्षा संभावित है।

जिले में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के बाद भी आत्मानंद स्कूलों में शिक्षकों और लैब असिस्टेंट की कमी बरकार है। कुछ स्कूल तो एक शिक्षकीय है। जिले के स्कूलों की बात की जाए तो वर्तमान में आत्मानंद स्कूलों में लेक्चरर के 4 पद, शिक्षक के 7 पद, सहायक शिक्षक के 13 ए लैब टेक्नीशियन के 1 और प्री प्राइमरी टीचर के 9 पद खाली है। वही आत्मानंद हिन्दी माध्यमों में कुल 107 पद खाली है।



फाईल फोटो।

**छात्रों को भुगतना पड़ रहा खामियाजा**

स्कूलों में शिक्षकों की कमी का खामियाजा स्कूलों के छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। स्कूलों में सिलेबस पूरा हो नहीं पा रहा, बोर्ड एग्जाम सर पर है ऐसे में इसका प्रभाव छात्रों के रिजल्ट पर भी देखने को मिलेगा।

शिक्षकों की भर्ती के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है, अनुमति मिलते ही भर्ती की जाएगी।

केवी राव
जिला शिक्षा अधिकारी



## अवैध खनन और परिवहन पर कार्रवाई, 23 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खनिज अमला द्वारा विगत 4 दिनों में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक अभियान चलाकर अवैध खनिज गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान अवैध परिवहन में संलिप्त खनिज रेत के कुल 22 ट्रैक्टर एवं 1 हाईवा, इस प्रकार कुल 23 वाहन जप्त किए गए।

जप्त वाहनों को कलेक्ट्रेट परिसर, थाना खरसिया, छाल, घरघोड़ा, जोबी चौकी एवं रैरूमाचौकी में सुरक्षार्थ रखा गया है। खनिजों के अवैध परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21 एवं 23(क) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में खनिज निरीक्षक सोमेश्वर सिन्हा सहित जिला खनिज अमला सक्रिय रूप से शामिल रहा। खनिज अधिकारी ने बताया कि जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण करने वालों के विरुद्ध आगे भी निरंतर और कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## आज आएंगे उप मुख्यमंत्री, अटल परिसर का करेंगे लोकार्पण



**कोसीर।** कार्यालय उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उप मुख्यमंत्री के सारंगढ़ बरमकेला दौरे का विस्तृत प्रोटोकॉल आधिकारिक रूप से जारी कर दिया गया है।

इस दौरे को लेकर जिले भर में प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। निर्धारित समयानुसार विश्राम उपरांत उप मुख्यमंत्री बरमकेला के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां अटल परिसर का लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न होगा। इस लोकार्पण कार्यक्रम को क्षेत्र के विकास से जोड़कर देखा जा रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों को नई सुविधाएं मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, यातायात और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रदेश स्तरीय पत्रकार कार्यशाला के आयोजन को लेकर जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के पत्रकारों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

**सारंगढ़ व बरमकेला में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे**

**सारंगढ़।** उप मुख्यमंत्री सहित लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय प्रशासन एवं विकास, खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव 11 जनवरी को सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के दौरे में रहेंगे, जहां सारंगढ़ के गुरु घासीदास पुष्प वाटिका में वे दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक प्रदेश स्तरीय पत्रकारों की कार्यशाला में शामिल होंगे। इसके बाद अपराह्न 3 बजे नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव बरमकेला के वार्ड 9 में अटल परिसर का लोकार्पण करेंगे।

### पूर्व मंत्री उमेश पटेल ने दुकान का किया उद्घाटन

**पुसौर।** खरसिया विधायक एवं पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने कोड़ातराई-रायगढ़ के बीच पटेलपाली में एनएच रोड किनारे सीमेंट प्रतिष्ठान का उदघाटन किया। इस कार्यक्रम में पटेलपाली के आस पास के ग्रामीणों के साथ साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं अन्य लोग शामिल हुए। समारोह में शामिल राघव चरण पटेल, डमरूधर पटेल, रमाकान्त पटेल, मनोहर लाल बरेठ, हरिहर नायक आदि लोगों ने बताया कि देश में प्रसिद्धि प्राप्त कंपनी सीमेंट का निर्माण किया जाता है जो क्षेत्र में काफी प्रचलन में है। लोगों की सुविधा के लिए रोड किनारे ही सीमेंट का वृहद मात्रा में भंडारण किया जाकर इसका डीलर नियुक्त किया गया।



## चलित थाना में पहुंचे एसपी लोगों की सुनी समस्याएं



**चंद्रपुर।** सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चंद्रपुर थाना अंतर्गत ग्राम पेंड्रवा में चलित थाना का विशेष आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के एसपी प्रफुल्ल कुमार ठाकुर ने मुख्य रूप से शिरकत की। एसपी की मौजूदगी में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं साझा कीं और स्कूली बच्चों को भविष्य की राह दिखाई गई। हाईस्कूल पेंड्रवा में आयोजित जागरूकता शिविर के दौरान एसपी प्रफुल्ल कुमार ठाकुर ने छात्र छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए कैरियर गाइडेंस दिया।

उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता का आधार है। इसके साथ ही उन्होंने वर्तमान समय की चुनौतियों को देखते हुए निम्नलिखित विषयों पर जानकारी दी। सायबर जागरूकता ऑनलाइन ठगी और सोशल मीडिया के खतरों से बचने के उपाय। यातायात नियमः हेलमेट के उपयोग और सड़क सुरक्षा के नियमों की अनिवार्यता। नशा मुक्ति नशे को जीवन के लिए अभिशाप बताते हुए इससे दूर रहने की प्रेरणा। चलित थाना के माध्यम से एसपी ने ग्राम विकास और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सरपंच, उपसरपंच, पंचों और महिला समूहों से विस्तृत चर्चा की। ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उन्होंने तत्काल निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। विश्वास बहाली की दिशा में कदम बढ़ाते हुए एसपी ठाकुर ने अपना व्यक्तिगत मोबाइल नंबर भी ग्रामीणों के साथ साझा किया।

**पुरस्कार पाकर खिले बच्चों के चेहरे**

कार्यक्रम के दौरान एसपी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की। सही जवाब देने वाले मेधावी छात्रों को एसपी द्वारा पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिससे विद्यार्थियों में भारी उत्साह देखा गया।

### बिरसा मुंडा के नाम से मार्ग का नामकरण की मांग, सीएम को भेजी गई पत्र

**रायगढ़।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिरसा मुंडा जिन्हें धरती आबा धरती के पिता भगवान के रूप में आदिवासी समाज के जन जन तो पूजते ही है और पर देश के आम जन भी उनके अंग्रेजो के खिलाफ की गई लड़ाई की गाथ को पढ़ते और लिखते है जिसका दायरा सम्पूर्ण भारत देश है। रायगढ़ नगर पालिक निगम के क्षेत्र के अनुसार उर्दना रामपुर से रायगढ़ शहर जाने वाले तिराहे सड़क मार्ग के चौक से धरती आबा बिरसा मुंडा से मार्ग से सेठ किरोड़ीमल चौक से जननायक रामकुमार अग्रवाल चौक तक का मार्ग का नाम करण करना वर्तमान और आने वाली पीढ़ी के जन जन के लिये प्रेरणादायी कार्य होगा।

इस पीढ़ी के लिए उनके किए गए प्रयास और कार्य बलिदान और आदर्शों की गाथा बताएगी। यद्यपि इस मार्ग के दोनों ओर आदिवासी समाज के लोगों का निवास की बाहुतायत भी है। प्रदेश के आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर नामकरण की मांग की है। रायगढ़ शहर के आदिवासी समाज के 7 सौ लगभग लोगों के हस्ताक्षर युक्त इस हृदय से जुड़े इस आग्रह पर अतिशीघ्र स्वीकार्यता का हस्ताक्षर करके मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को निवेदित किया की आप बतौर आदिवासी समाज के जनप्रतिनिधि स्वरूप में हैं इसलिए त्वरित घोषणा की भी अपेक्षा की गई है।

## पीएम स्वामी आत्मानंद विद्यालय में किया गया एलुमनी मीट का आयोजन

**घरघोड़ा।** पीएम स्वामी आत्मानंद विद्यालय, घरघोड़ा में पूर्व छात्र सम्मेलन एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता घरघोड़ा एसडीएम डीपी अधिकारी द्वारा की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अशोक पंडा सेवानिवृत्त रजिस्ट्रार, हाईकोर्ट छत्तीसगढ़ एवं नरेश पंडा जिला उपाध्यक्ष भाजपा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजन के साथ किया गया। इसके पश्चात सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष डीपी अधिकारी ने विद्यार्थियों को सफलता के सूत्र बताते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। साथ ही उन्होंने समाज के प्रबुद्ध नागरिकों एवं पूर्व छात्रों से विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए आगे आकर सहयोग करने का आह्वान किया। नरेश कुमार पंडा जिला उपाध्यक्ष भाजप ने विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार को एक पूर्व छात्र के रूप में हमेशा सहयोग करने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि अशोक पंडा ने अपने उद्बोधन में एलुमनी मीट जैसे आयोजनों को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक बताते हुए कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र जो वर्तमान में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवाएं दे रहे हैं, उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से शिव शर्मा वरिष्ठ समाजसेवी, सुरेंद्र चौधरी अध्यक्ष, नगर पंचायत घरघोड़ा, सत्यदेव मिश्रा, शंख देव मिश्रा, देवेंद्र पंडा, राजेश पटेल मंडल अध्यक्ष, घरघोड़ा, मनोज अग्रवाल, राजकुमार पटेल, लक्ष्मी नारायण चौधरी, राजेंद्र शर्माजी, शिशु सिन्हा अध्यक्ष शाला विकास समिति राजकुमारी डनसेना समेत अन्य मौजूद रहे।



## अचानक स्कूल पहुंची विधायक, उपस्थिति पंजी में साइन कर गायब हो गए थे तीन शिक्षक

**कोसीर।** मुड़वाभांठा गृह ग्राम स्थित प्राथमिक विद्यालय का विधायक उत्तरी जांगड़े ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में तीन शिक्षक अनुपस्थित पाए गए जबकि उपस्थिति रजिस्टर में सभी शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज थी।

इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए विधायक उत्तरी जांगड़े ने संबंधित शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर दोषी शिक्षकों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है। निरीक्षण के दौरान विधायक ने विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों से संवाद कर उनकी पढ़ाई लिखाई की स्थितिए विषयों की समझ एवं शैक्षणिक स्तर की जानकारी ली। बच्चों से बातचीत के दौरान उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए उन्हें नियमित अध्ययन और अनुशासन का संदेश दिया। विधायक उत्तरी जांगड़े ने विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने, नियमित रूप से कक्षाएं संचालित करने, पाठ्यक्रम को समय पर पूर्ण करने तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। निरीक्षण के अवसर पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण अंचल के बच्चों को बेहतर शिक्षा, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण और उज्ज्वल भविष्य देना उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और सतत निगरानी आवश्यक है, जिसे लेकर वे लगातार प्रयासरत रहेंगे।






### इंडियाज टैलेंट फाइट के ग्रैंड फिनाले में पहुंचकर बढ़ाया मान

# एन राघवेंद्र ने राष्ट्रीय मंच पर बिखेरा जादू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और साहित्य की राजधानी के रूप में विख्यात एवं मशहूर रायगढ़ ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सशक्त पहचान दर्ज कराई है। संगीत और कला के क्षेत्र में जिले की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाते हुए रायगढ़ में पदस्थ केंद्र सरकार के शासकीय विभाग में कार्यरत नीतीश उर्फ एन राघवेंद्र ने देश के प्रतिष्ठित टीवी रियलिटी शो इंडियाज टैलेंट फाइट में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमी फाइनल राउंड से सीधे ग्रैंड फिनाले में प्रवेश कर लिया है। उनके इस उपलब्धि से न केवल रायगढ़ बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का नाम राष्ट्रीय मंच पर रोशन होने जा रहा है। एन राघवेंद्र ने मंच पर अपनी प्रस्तुति की शुरुआत रायगढ़ के प्रमुख धार्मिक एवं जन आस्था केंद्र बूढ़ी माई मंदिर तथा कोसमनारा के सत्यनारायण बाबा का स्मरण करते हुए की। उनकी भावपूर्ण और मधुर गायकी ने जजों के साथ साथ दर्शकों को भी मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य जज प्रसिद्ध संगीतकार अनु मलिक हैं, जिनकी सराहना कलाकारों के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है।

एन राघवेंद्र जिनका वास्तविक नाम नीतीश कुंडे है, सोशल मीडिया पर इसी नाम से व्यापक रूप से चर्चित हैं। वर्तमान में रेलवे विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शहडोल से रायगढ़ स्थानांतरण के बाद से वे रायगढ़ में निवासरत हैं और यहां की सांस्कृतिक व आध्यात्मिक ऊर्जा को अपनी साधना का आधार मानते हैं। उन्होंने बताया कि रायगढ़ वासियों का स्नेह, आशीर्वाद और प्रोत्साहन ही उनकी सफलता की सबसे बड़ी ताकत है।







